| |
|---|
| कुल छपे पृष्ठों की संख्या -04 |
| कुल छपे प्रश्नों की संख्या -20 |

नामांक ROLL NO.

**JBB-XI-1**

# वार्षिक परीक्षा, 2023-24

## कक्षा - 11 XI

समय : 3.15 घण्टे    विषय - हिन्दी अनिवार्य    पूर्णांक : 100

### खण्ड 'अ'

प्र.1. निम्न बहुचयनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए- 12

(i) हिन्दी कथा-साहित्य के शिखर पुरुष माने जाते हैं - 1
(अ) मियाँ नसीरूद्दीन (ब) बालमुकुंद गुप्त (स) प्रेमचंद (द) शेखर जोशी

(ii) निम्नलिखित में से 'कृष्णा सोबती' की रचना है - 1
(अ) समय सरगम (ब) बौद्ध निबंधावली (स) खेल तमाशा (द) त्रिशंकु

(iii) 'विदाई संभाषण' के आधार पर लेखक के अनुसार बिछुड़न का समय होता है
(अ) हर्षातिरेक (ब) करुणोत्पादक (स) शांत (द) सुखांत

(iv) 'सत्यजित राय' को अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा प्राप्त करवाने वाली फ़िल्म का नाम है- 1
(अ) महानगर (ब) अपराजिता (स) सद्गति (द) पथेर पांचाली

(v) निम्नलिखित में से मीरा जिस काव्यधारा की महत्वपूर्ण भक्त कवयित्री थीं
(अ) निर्गुण काव्यधारा (ब) सगुण काव्य धारा
(स) ज्ञान मार्गी धारा (द) प्रेम मार्गी धारा

(vi) कबीर ने किताबी ज्ञान के स्थान पर निम्नलिखित को प्रमुखता दी है- 1
(अ) आँखों देखा सत्य और अनुभव (ब) वेद विचार को
(स) अपनी हर बात को (द) कर्मकाण्ड को

(vii) जन संचार का सबसे नया लेकिन तेजी से लोकप्रिय हो रहा माध्यम है 1
(अ) सिनेमा (ब) इंटरनेट (स) रेडियो (द) टेलीविजन

(viii) हिन्दी का पहला साप्ताहिक पत्र था - 1
(अ) उदन्तमार्तण्ड (ब) बंगदूत (स) प्रजामित्र (द) सुधाकर

(ix) निम्नलिखित में से तत्सम शब्द नहीं है - 1
(अ) आम्र (ब) दूध (स) घृत (द) अग्नि

(x) सब किसी पत्र, ज्ञापन इत्यादि का उत्तर समय पर प्राप्त नहीं होता है तब याद दिलाने हेतु भेजे जाने वाले पत्र को कहते हैं - 1
(अ) समाचार पत्र (ब) अनुस्मारक (स) ज्ञापन (द) परिपत्र

(xi) राजस्थान का लोकनृत्य है - 1
(अ) गरबा (ब) कत्थक (स) लावणी (द) घूमर

(xii) 'जो सदा से चलता आ रहा।' इस वाक्य के लिए प्रयुक्त एक शब्द है 1
(अ) सनातन (ब) अनश्वर (स) अगोचर (द) अजर

प्र.2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - 6

(i) जिस शब्द में लिंग, वचन कारक आदि के कारण रूप परिवर्तन नहीं होता है वे .................................... शब्द कहलाते हैं। 1

(ii) किसी शब्द के समान अर्थ की प्रतीति कराने वाले .... शब्द कहलाते हैं 1

(iii) वे शब्द जिनके सार्थक खण्ड नहीं किये जा सकते तथा अन्य शब्दों के योग से नहीं बनते हैं, वे .................................... शब्द कहलाते हैं 1

www.rajeshsir.co.in

(iv) जिस वाक्य में एक उद्देश्य एवं एक विधेय हो, वह....वाक्य कहलाता है 1

(v) 'परिश्रम करने वाला कभी नहीं हारता है।' इस वाक्य में ......अव्यय है 1

(vi) अविकारी शब्द मुख्यतः .......... प्रकार के होते हैं। 1

प्र.3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए

इस संसार में धन ही सब कुछ नहीं है। धन की पूजा तो बहुत कम जगहों में होती देखी गई है। संसार का इतिहास उठाकर देखिए और उदाहरण ढूढ-ढूंढकर सामने रखिए तो आपको विदित हो जाएगा कि जिनकी हम उपासना करते हैं, जिनके लिए हम आँखें बिछाने तक को तैयार रहते हैं, जिनकी स्मृति तरोताजा रखने के लिए हम अनेक तरह के स्मारक चिह्न बनाकर खड़े करते हैं उन्होंने रुपया कमाने में समय नहीं बिताया था, बल्कि उन्होंने कुछ ऐसे काम किए थे जिनकी महत्ता हम रुपये से अधिक मूल्यवान समझते है। जिन लोगों के जीवन का उद्देश्य केवल रुपया बटोरना है उनको प्रतिष्ठा कम हुई है, अधिकांश अवस्थाओं में, उन्हें किसी ने पूछा तक नहीं। उन्होंने जन्म लिया, रुपया कमाया और परलोक की यात्रा की। किसी ने जाना तक नहीं कि वे कौन थे और कहाँ गए। मानव समाज स्वार्थी अवश्य है पर वह स्वार्थ की उपासना करना नहीं जानता। 6

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

(2) संसार में किस प्रकार के मनुष्य की पूजा की जाती है ? 1

(3) संसार में किस तरह के लोगों को पूछा तक नहीं है ? 1

(4) मानव समाज किस प्रवृत्ति अवश्य होता है। 1

(5) 'परलोक' शब्द में निहित उपसर्ग लिखिए। 1

(6) 'संसार' शब्द का शन्धि विच्छेद कीजिए। 1

(4) निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर लिखिए 6

फैली खेतों में दूर तलक, मखमल सी कोमल हरियाली।
लिपटी जिससे रवि की किरणे, चाँदी की सी उजली जाली॥
तिनकों के हरे हरे तन पर, हिल हरित रंग है रहा झलक।
श्यामल भूतल पर झुका हुआ, नभ का चिर निर्मल नील फलक।
रोमांचित सी लगती वसुधा. आई जौ - गेहूं में बाली।
अरहर सनई की सोने की, किंकिणियाँ है शोभा वाली,
उड़ती भीनी तैलाक्त गन्ध, फूली सरसों पीली, पीली।
लो हरित धरा में झाँक रही, नीलम की कली तीसी नीली॥
रंग-रंग के फूलों में हिलमिल, हँस रही संखिया मटर खड़ी।
मखमली पेटियों से लटकी, छीमियां छिपाये बीज लड़ी॥

(1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

(2) खेतों में दूर तक क्या फैला हुआ है। 1

(3) सोने की किंकिणिया किसे कहा गया है। 1

(4) 'फूली सरसों पीली-पीली' पंक्ति में निहित अलंकार का नाम लिखिए। 1

(5) जौं-गेहूं में बाली आने से कौन रोमांचित है। 1

(6) मखमली पेटियों से कौन लटकी हुई है। 1

खण्ड- (ब) लघुत्तरात्मक प्रश्न ( उत्तर सीमा 40 शब्द ) 5×3=15

(5) 'गलता लोहा' के पात्र मोहन की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए। 3

(6) 'निरभै भया कछु नहिं व्यापै कटै कबीर दिवाना'

www.rajeshsir.co.in

पंक्ति कबीर ने क्या भाव व्यक्त किये है। 3

(7) फीचर और समाचार में कोई तीन अंतर लिखिए। 3

(8) 'लता की लोकप्रियता का मुख्य मर्म यह गानपन ही है।' इस पंक्ति का आशय लिखिए। 3

(9) कुंई निर्माण संबंधी प्रक्रिया को अपने शब्दों में लिखिए। 3

**खण्ड- स प्र. सं. 10-14 उत्तर सीमा 60-80 शब्द, प्र. सं. 15 उत्तर सीमा 100 शब्द**

(10) तो एक और आंदोलन का मुसला मिल गया - मन्नू भण्डारी की पटकथा, में निहित पात्र की मानसिकता को अपने शब्दों में लिखिए । 4

**अथवा**

'आज गीता पाठ करके, दंड दो सौ साठ करके' कविता के आधार पर पिता की व्यक्तित्व विशेषताएँ लिखिए।

(11) 'दबा हुआ आदमी एक कवि है।' इस बात का पता कैसे चला और इस जानकारी के बारे में फाइल में आई संवेदनशून्यता और अमानवीयता के बारे लिखिए ।4

**अथवा**

'यहाँ दरख्तों के साये में धूप लगती है।' यहाँ दुष्यंत कुमार ने किन लोगों की ओर संकेत किया है? आशय स्पष्ट कीजिए?

(12) कला और भाषा के अन्तर्संबंध के बारे में 'भारतीय कलाएँ' पाठ के आधार पर अपने तर्क लिखिए। 4

**अथवा**

'आलो अँधारी' पाठ के आधार पर घरों में काम करने वाले नौकरों को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है? अपने शब्दों में विचार प्रकट कीजिए।

(13) 'चेजारो के साथ गाँव समाज के व्यवहार में पहले की तुलना में वर्तमान में परिवर्तन आया है।' इस कथन की राजस्थान की रज़त बूँदें पाठ के आधार पर समझाइए 4

**अथवा**

चित्रपट संगीत और शास्त्रीय संगीत के दोनों तरह के संगीतों के महत्त्व के आधार सबन्धी कुमार गन्धर्व के विचारों के बारे युक्तियुक्त तर्क लिखिए।

(14) जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) अ ब स की ओर से सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर को रा.उ.मा.वि. चित्रकूट में बोर्ड परीक्षा केन्द्र की स्वीकृति हेतु कार्यालयी पत्र लिखिए।

**अथवा**

आपके विद्यालय के अध्यापक पिछले सप्ताह सेवानिवृत्त हो गए, उनके विदाई समारोह पर प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में तैयार कीजिए। 4

(15) संदेश ग्रहण करने और भेजने असमर्थ होने पर एक अनपढ़ लड़की को किस वेदना और विपत्ति को भोगना पड़ता है, स्पष्ट करते हुए चंपा की मन संकल्पना को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

**अथवा**

वर्तमान समय में किसानों की स्थिति में किस सीमा तक बदलाव आया है। 'भारत माता' पाठ के आधार पर अपने संकल्पित विचार प्रकट कीजिए। 4

(16) 'यहाँ की प्रजा वह प्रजा है, जो अपने दुख और कष्टों की अपेक्षा परिणाम का अधिक ध्यान रखती है। लेखक के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

www.rajeshsir.co.in

'आओ, मिलकर बचाएँ' कविता का मूल प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड ( द )

(17) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 6

हे मेरे जूही के फूल जैसे ईश्वर मँगवाओ मुझसे भीख
और कुछ ऐसा करो कि भूल जाऊँ अपना पर पूरी तरह
झोली फैलाऊँ और न मिले भीख कोई हाथ बढ़ाए कुछ देने को
तो वह गिर जाए नीचे और यदि मैं झुकूँ उसे उठाने है
तो कुई कुत्ता आ जाए और उसे झपटकर छीन ने मुझसे।

**अथवा**

- सबसे खतरनाक वह रात होती है जो जिंदा रुह के आसमानों पर ढलती है।
जिसमें सिर्फ उल्लू बोलते और हुआँ हुआँ करते गीदड़
हमेशा के अँधेरे बंद दरवाजो-चौगाठों पर चिपक जाते हैं।

(18) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 6

थोड़ी ही देर में सेक्रेटेरियेट में यह अफवाह फैल गई कि दबा हुआ आदमी शायर है। बस, फिर क्या था। लोगों का झुंड का झुंड शायर को देखने के लिए उमड़ पड़ा। उसकी चर्चा शहर में भी फैल गई और शाम तक गली-गली से शायर जमा होने शुरु हो गए। सेक्रटेरियेट का लॉन भाँति-भाँति के कवियों से भर गया और और दबे हुए आदमी के चारों और कवि-सम्मेलन का सा वातावरण उत्पन्न हो गया। सेक्रेटेरियेट के कई क्लर्क और अंडर सेक्रेटरी तक जिन्हें साहित्य और कविता से लगाव था रुक गए। कुछ शायर दबे हुए आदमी को अपनी कविताएँ और दोहे सुनाने लगे ।

**अथवा**

इस बार शाही नानबाई मियाँ कल्लन के पोते अपने बचे-खुचे दाँतों से खिलखिला के हँस दिए। मतलब मेरा क्या साफ़ न था! लो साहिबो, अभी साफ़ हुआ जाता है। ज़रा-सी देर को मान लीजिए

हम बर्तन धोना न सीखते हम भट्टी बनाना न सीखते भट्टी को आँच देना न सीखते

तो क्या हम सीधे-सीधे नानबाई का हुनर सीख जाते? मियाँ नसीरूद्दीन हमारी ओर कुछ ऐसे किए कि उन्हें हमसे जवाब पाना हो। फिर बड़े ही मँजे अँदाज में कहा - कहने का मतलब साहिब यह कि तालीम की तालीम भी बड़ी चीज होती है।'

(19) स्ववृत किसे कहते है। किसी प्रसिद्ध अखबार में पत्रकार पद के, लिए आवेदन हेतु अपना स्ववृत तैयार कीजिए। **अथवा** 7

स्वयं को जन संपर्क अधिकारी मानते हुए अखिल भारतीय साहित्य और संस्कृति बोर्ड में लिए गए निर्णय के अनुसार लेखकों एवं कलाकारों के पारिश्रमिक में वृद्धि के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति निर्धारित प्रारूप में तैयार कीजिए ।

(20) निम्न विषयों में से एक पर सारगर्भित निबंध लिखिए (शब्द सीमा 300 शब्द)

(i) योग और स्वास्थ्य
(ii) वर्तमान युग में मोबाईल वरदान या अभिशाप
(iii) नारी शिक्षा संशक्तीकरण
(iv) आधुनिक फैशन का समाज पर प्रभाव
(iv) किसी विज्ञान मेले की यात्रा। 8



www.rajeshsir.co.in